तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 16.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार 13 जनवरी 2024

9 राम जैसे पुत्र की कामना है तो पहले खुद बने माता कौशल्या व पिता दशरथ



9 कहानियों मे पलायन का दर्द: डां. द्विवेदी







न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
■ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ■ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

## खबर संक्षेप

### कैम्प-1 में अखंड रामायण 14 से

**भिलाई।** मकर संक्रान्ति के अवसर पर श्रीरामचरित्र मानस पाठ एवं भगवान आशुतोष का रुद्राभिषेक गौ के दुग्ध, रूद्रा अभिषेक एवं पूर्णाहुति का आयोजन संकटमोचन हनुमान मंदिर पानी टंकी के पास कैम्प-1 के प्रांगण में श्रद्धालुओं द्वारा किया गया है। इस अवसर पर अखण्ड रामचरित्र मानस पाठ तिथि तृतीया दिन 14 जनवरी को सुबह 10 से जिसकी पूर्णाहुति एवं भण्डारा 15 जनवरी को आयोजित है। भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक आचार्य पंडित ओमप्रकाश द्विवेदी संकट मोचन हनुमान मंदिर कैम्प-1, समिति के अध्यक्ष अच्युतानंद पांडेय ने बताया कि आयोजन का यह लगातार 40 वर्ष है।

### ट्रांसफार्मर से लोहा और तांबा चोरी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** ट्रांसफर के भीतर लगे लोहा तांबा का सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने धारा 456, 380, 427 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि पुराना बस स्टैण्ड पाटन निवासी नगर पंचायत पंप अटेंडेन संतोष जलक्षत्री ने शिकायत किया है कि ग्राम ठकुराईनटोला कैम्पस के भीतर लगे ट्रांसफार्मर से अज्ञात ने तोड़फोड़ कर तांबा लोहा चोरी कर फरार हो गए है। मोटर पंप के लिए यहां दो ट्रांसफार्मर लगाए गए है। जिसमें चारों ओर तार का घेरा भी लगाया गया है। घटना में चोरों ने ट्रांफार्मर का पुरा तेल लगभग 50 लीटर गिरा दिया गया। ट्रांसफार्मर को खोलकर भीतर लगे लोहा, ताबा के सामान कलपुरजा गायब मिले। अज्ञात जिस वाहन टैम्पो सीजी 04 एमएस 3683 से चोरी करने पहुचे थे। उसे छोडकर फरार हो गए है। ट्रासंफार्मर के भीतर का 80 हजार का सामान गायब है।

### नाले में मिली लाश

**भिलाई।** नाले में युवक की लाश मिलने से सनसनी पैल गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह सिविल लाइन पद्मनाभपुर के नाली में अज्ञात युवक की लाश मिली है। जिसका उम्र 40 वर्ष के करीब होगा। मौके पर पहुची पुलिस लाश को नाले से बाहर निकलाते ही लोगों की भीड़ उसे देखने उमड़ी थी। शव का पंचनामा कर उसे मरचूरी में रखा गया है। युवक जामुनी रंग का शर्ट एवं काला रंग का पेंट पहना हुआ है।

परेशानी : सिविल अस्पताल सुपेला में चिकित्सा व्यवस्था बेहाल

# कोरोना टेस्ट टारगेट बना मुसीबत दूसरे दिन हो रहा मरीजों का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सिविल अस्पताल सुपेला में कोरोना टेस्ट टारगेट पूरा करने के चक्कर में मरीजों को इलाज के लिए चक्कर काटना पड़ रहा है। कोरोना जांच सेंटर में मरीजों को रिपोर्ट इतनी देरी से दी जा रही है कि तब तक हॉस्पिटल का सुबह पाली का समय ही खत्म हो जाता है। डॉक्टर अपनी ड्यूटी खत्म कर ओपीडी छोड़ चुके होते हैं। मौजूदा हालात में मरीजों को दूसरे दिन आकर अपना इलाज करवाना पड़ रहा है।



### हर दिन 50 कोरोना टेस्ट का टारगेट

सिविल अस्पताल सुपेला में हर दिन 50 कोरोना टेस्ट का टारगेट दिया गया है। इस टारगेट को पूरा करने के लिए ओपीडी के डॉक्टर मरीजों को कोरोना जांच के लिए भेज रहे हैं। दंत रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग, मेडिसीन से लेकर सभी विभागों की ओपीडी में आने वाले मरीजों को कोरोना जांच करवाई जा रही है। स्थिति यह है कि मरीज को न कोई लक्षण होता है और न ही उसे दाखिल करना है। न ही आपरेशन। उसके बाद भी मरीजों को कोरोना जांच के लिए भेजा जा रहा है।

### इस तरह भटकना पड़ रहा मरीजों को

प्रभावित मरीजों ने बताया कि सुपेला अस्पताल की पहली पाली की ओपीडी सुबह से दोपहर 1 बजे तक होती है। सुबह 11 बजे से कोरोना जांच के लिए टेस्ट सेंटर में भेजा जाता है लेकिन यहां पूरे लोगों की पर्ची एक साथ एकत्र कर ली जाती है। फार्म भरने में काफी समय लगता है। उसके बाद आखिर में टेस्ट के लिए बुलाते हैं। एंटीजन टेस्ट करवाने और उसकी रिपोर्ट लेने तक दोपहर 1 बज रहे हैं। तब तक सभी ओपीडी के डॉक्टर अपनी सीट छोड़ चले जाते हैं। यानी ओपीड़ी बंद हो जाती है।

### आरटीपीसीआर रिपोर्ट तक कोई इलाज नहीं

हैरत की बात यह है कि कोरोना एंटीजन रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद डॉक्टर मरीजों को आरटीपीसीआर की रिपोर्ट आने तक कोई इलाज नहीं करते। मरीजों को आरटीपीसीआर रिपोर्ट भी दो से तीन दिनों के बाद भी मोबाइल पर नहीं मिल पा रही है और न ही सूचना मिल रही। मौजूदा स्थिति में मरीज कई दिनों तक सुपेला अस्पताल का चक्कर काटने मजबूर हो रहे हैं। पैथालॉजी टेस्ट की रिपोर्ट भी उसी दिन मरीजों को नहीं दी जाती। शाम पाली तक पैथालॉजी रिपोर्ट मरीजों को नहीं मिलती। दूसरे दिन केवल रिपोर्ट के लिए मरीजों को बुलाया जा रहा है।

### स्टॉफ की कमी के नाम पर लेटलतीफी

सुपेला सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की कमी पहले से ही है। इसलिए जिस दिन मरीज इलाज के लिए जाता है उसी दिन यदि डॉक्टर नहीं मिले तो दूसरे दिन वही डॉक्टर मिलेंगे इसकी गांरटी नहीं होती। मरीजों को दूसरे डॉक्टर नहीं देखते। ऐसे में सुपेला अस्पताल की लचर व्यवस्था ही मरीजों को परेशान कर रही है। अब यहां स्टॉफ की कमी का रोना रोया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन स्टॉफ की कमी की वजह से स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावित होने की बात कह रहे हैं।

### रेफलर सेंटर बनता जा रहा हॉस्पिटल

सिविल अस्पताल सुपेला 100 बिस्तर का है लेकिन यहां अब भी 50 बिस्तर के हिसाब से स्वास्थ्य सेवाएं चल रही है। मरीजों की ओपीडी हर साल बढ़ रही है। लेकिन डॉक्टरों की कमी की वजह से मरीजों का समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है। एक तरह से यह अस्पताल रेफलर सेंटर बन कर रह गया है। यहां के ज्यादातर मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है। मरीज हलाकान होकर निजी अस्पतालों का रूख करने लगे हैं। गंभीर मरीजों को निजी अस्पतालों में भी भेजा जा रहा है।

**इस्तीफा दे चुके हैं प्रभारी चिकित्सक**

सिविल अस्पताल सुपेला में डॉक्टरों की कमी को उच्च अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। जिला प्रशासन व जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा यहां डीएमएफ फंड से न ही कोई चिकित्सक भेजा गया है और न ही राज्य से। जिसकी वजह से हाल में इस हॉस्पिटल के प्रभारी अधिकारी डॉ. स्वामी भूपेन्द्र देव इस्तीफा दे चुके हैं।

**स्टॉफ की कमी**

सिविल अस्पताल सुपेला में डॉक्टरों व स्टॉफ की कमी है। जिसकी वजह से कोरोना टेस्ट में देरी हो जाती है। भीड़ अधिक होने पर दूसरा स्टॉफ वहां भेजते हैं।

-डॉ. पियम सिंह, प्रभारी अधिकारी सिविल अस्पताल सुपेला

गैंग ने कटर से किए संघातक वार

# छात्र पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

एक निजी स्कूल गेट से कुछ दूरी पर एक छात्र को कुछ युवकों ने रोका और पुरानी रंजिश को लेकर उससे मारपीट करने लगे। छात्र पर कटर से कातिलाना हमला कर आरोपी भाग निकले। घायल 12वीं के छात्र को गंभीर अवस्था में रायपुर के रामकृष्ण केयर हास्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। बीती दोपहर घटी इस वारदात की सूचना पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने पुलिस अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र आरोपियों को गिरफ्तार करने कहा और कल रात हास्पिटल पहुंच घायल छात्र और उसके परिजनों से मुलाकात की। देर रात तक इस घटना को कारित करने वाले आरोपियों को भिलाई नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विधायक श्री सेन ने बताया कि घायल छात्र को रात 11 बजे आईसीयू से सेमी आईसीयू शिफ्ट किया गया है। छात्र एक अच्छा वेटलिफ्टर भी है।



■ रायपुर अस्पताल पहुंचे विधायक रिकेश

मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-2 निवासी कक्षा 12वीं कामर्स का छात्र आदित्य कोठारी का बीती दोपहर निजी स्कूल से ईकोनोमिक्स का एग्जाम देने से पूर्व लंच टाईम में कक्षा 9वीं के छात्र से विवाद हो गया। इसी बात पर उस छात्र ने लगभग डेढ़ बजे स्कूल के गेट के बाहर अपने भाई सहित कुछ लड़कों को बुला लिया। वो सभी आदित्य का ही इंतजार कर रहे थे। वह जैसे ही परीक्षा देकर अपने दोस्त हार्दिक समझदार के साथ स्कूल के गेट से बाहर निकला तभी वैभव शुक्ला, सक्षम, प्रणय बघेल एवं उसके अन्य साथियों ने आदित्य का रास्ता रोक लिया और प्रफुल्ल शुक्ला के साथ हुए विवाद को लेकर गाली गलौज करने लगे।

आदित्य और हार्दिक ने जब उन्हें गाली देने से मना किया तो वैभव शुक्ला एवं उसके अन्य साथी एक राय होकर दोनों से हाथापाई करने लगे। इसी बीच वैभव ने अपने हाथ में रखे धारदार वस्तु से हार्दिक को हत्या करने की नीयत से 3 बार वार कर प्राणघातक हमला किया जिससे हार्दिक के बांये तरफ पेट में एवं बांये हाथ में चोट आई है। स्कूल के वाहन में घायल हार्दिक को सेक्टर 9 अस्पताल ईलाज के लिये ले आए जहां उसकी हालत गंभीर देख चिकित्सकों की सलाह पर परिजन उसे रायपुर हास्पिटल ले आए। आदित्य की रिपोर्ट पर भिलाई नगर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 307, 34 के तहत कार्रवाई की है।

दुर्ग कोतवाली को मिली सफलता

# ब्राउन शुगर के साथ फिर युवक धरा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। जिसे लेकर दुर्ग कोतवाली पुलिस ने ब्राउनशुगर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।आरोपी के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। कोतवाली दुर्ग टीआई महेश कुमार ध्रुव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गया नगर से बघेरा मार्ग शीतला मंदिर के पास दुर्ग में वार्ड 7 शिक्षक नगर दुर्ग निवासी दानिश उर्फ राजा अली को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसके पास से पुलिस



ने 19 पुड़िया कोरे कागज में लपटा हुआ ब्राउन शुगर कुल 1.630 ग्राम जप्त किया। जिसकी कीमत पांच हजार चार सौ, नगदी तीन सौ कुल जुमला 5 हजार 700 रुपए बरामद किया गया। टीआई महेश ध्रुव,सउनि पूरनदास ,प्रधान आरक्षक योगेश चंद्राकर, बच्ची सिंह, आरक्षक उत्कर्ष सिंह राजपूत, सुरेश जायसवाल टीम में शामिल थे।

# बिना कंडक्टर के चल रहे 25 वाहनों के अनुज्ञापत्र निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

आरटीओ ने 25 यात्री वाहनों की अनुज्ञा पत्र निरस्त करने की कार्रवाई की है। इन वाहनों पर तीन- तीन सौ रुपए का जुर्माना भी ठोंका गया। यात्री वाहनों के संचालन में यात्रियों

■ आरटीओ ने जांच में पाई खांमिया

को उतारने व चढ़ाने के लिए कंडक्टर (परिचालक) एवं हेल्पर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बिना कंडक्टर या बिना परिचालक लायसेंस के बिना मंजिली गाड़ी के संचालन में टिकट काटने और सवारी उतारने चढ़ाने हेतु ड्रायवर पर अतिरिक्त कार्यभार आता है जिससे कि सड़क दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। यात्री वाहनों में दुर्घटना व चोट के प्राथमिक उपचार हेतु उपचार किट भी मौजूद रहता है। आरटीओ अधिकारी शलभ साहू ने बताया कि कंडक्टर लायसेंस हेतु फस्ट ऐड ट्रेनिंग अनिवार्य है जिससे कि सड़कदुर्घटना या गाड़ी में आगजनी इत्यादि के प्रकरण में परिचालक द्वारा बस में उपलब्ध किट के द्वारा प्राथमिक सहायता प्रदान की जा सकती है और गोल्डन हाउर्स में अधिक से अधिक सहायता उपलब्ध कराई जासकती है। कंडक्टर लायसेंसधारी परिचालक के नहीं होने से सड़क दुर्घटना की स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध नहीं हो पाएगी।

# किराना और टेलरिंग दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



शार्टसर्किट से किराना और टेलरिंग दुकान में आगजनी होने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पांच दमकल वाहन पहुची और

■ शार्टसर्किट से लगी आग, 60 लाख का नुकसान

कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक खुर्सीपार स्थित श्रीकृष्णा रेड्डी किराना और माई लाइक टेलरिंग की दुकान में गुरुवार-शुक्रवार की रात मकान में शार्टसर्किट हुआ और मकान दुकान चारों ओर आग लग गया। किसी तरह आनंद, कृष्णा रेड्डी अपने परिवार को पीचे के दरवाजे से बाहर निकाला। उसके बाद तुरंत फायर ब्रिगेड को कॉल कर आगजनी की जानकारी दी। दमकल वाहन आने से पहले आग किराना और टेलरिंग दुकान में भीषण आग लग गई। समय पर दमकल वाहन नहीं पहुचता तो आसपास के बस्ती में आग के चपेट में आ सकती है। खुर्सीपार पुलिस और और अग्निशमन,आपदा प्रबंधन की टीम पहुची थी। मकान दुकानों के सारे सामान जलकर खाक हो गया। इसमें राशन दुकान का करीब 40 लाख और टेलरिंग दुकान से 20 लाख रुपए का सामान जल गया। माईलाइक टेलर्स क्षेत्र का जाना माना नाम है। भिलाई-दुर्ग समेत आसपास के क्षेत्र से लोग कपड़ा सिलाई कराने पहुचते थे।



### पड़ोस की दुकान भी चपेट में आ सकती थी

संचालक आनंद व रामा राव के मुताबिक रात 12 बजे खाना खाकर सभी कमरे में सो गए थे। अचानक 1 बजे कुछ बेचैनी सी महसूस होने पर उठकर देखा तो दुकान से धुआं निकलता नजर आया। जब तक हम लोग कुछ समझ पाते तब तक दुकान में भीषण आग फैल चुकी थी। आगजनी से आसपास के भी लोग भी जाग गए थे। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची टीम ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की लपटें तेजी से बढ़ते हुए पड़ोस के दुकान और घरों को चपेट में ले सकती थी। लेकिन समय पर आग के काबू में आ जाने से बड़ी अग्नि दुर्घटना टल गई। मौके पर अग्नशिमन कर्मी पराग भोसले, अवतार सिंह, नागेश मारकंडे, नगर सैनिक जवान योगेश्वर व धर्मेन्द्र कुमार मौजूद थे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर नेवई में

# हितग्राहियों को रसोई गैस, चेक भी बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे दिन दो हजार से ज्यादा लोगों ने केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं का लाभ लिया। दूसरे दिन नेवई और डुंडेरा के हितग्राहियों को रसोई गैस , राशन कार्ड और प्रधान मंत्री स्वनिधि योजना का चेक वितरण किया गया।

शिविर में आम तौर पर ऐसे हितग्राही पहुंचे थे जिनको योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा था। निगम के अधिकारियों ने ऐसे हितग्राहियों से औपचारिक दस्तावेज लेकर लाभ दिलाया गया। शिविर में आयुष्मान , उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड ,आवास और आधार अपडेट कराने वालों की संख्या ज्यादा थी। शिविर के समापन अवसर पर जिला अध्यक्ष बृजेश बृचपुरिया, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, एम आई सी सोनिया देवांगन समेत पार्षद डोमन बारले, ममता सिन्हा, गजेंद्री कोठरी, सविता, खिलेंद्र चंद्राकर, विधि यादव, रोहित धनकर आदि उपस्थित थे।



### युवाओं ने देखा स्क्रीन पर मोदी को

शिविर स्थल पर नाशिक में चल रहे राष्ट्रीय युवा सम्मेलन को लाइव देखने स्क्रीन लगाया गया था। शिविर स्थल पर प्रधानमंत्री को सुनने भीड़ उमड़ी थी। साथ ही पंडाल में विकसित भारत के लिए नागरिकों ने शपथ लिया।

### इन्हे मिला योजना का लाभ

उज्ज्वला योजना के तहत ममता सेन, कुशल बाई, सुराना बाई, किरण , भगवती धनकर, तुमेश्वरी, राधा बाई, गीता, पुष्प, प्रिया, रंजिता, हेमलता, भावना यादव, सुखिया, नूतन देवांगन, शाता, तमेशावरी,गंगा बाई, चित्ररेखा, लिलेशवरी, मानशि दीक्षा कौशिक, जूही खातून, दुलेश्वरी, नर्मदा यादव, कांता भारती, मीरा सिंग, लक्ष्मी डोंगरे, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना वर्षा प्रधान, धनेश्वरी साहू, गंगा बघरिया, सरोज डोंगरे, टिकेश्वरी, सतमामा, लक्ष्मी नंदेश्री, चंदनी देवी, राशन कार्ड सीमा, मिलिया साहू, काजल पनरिया चांदनी देवी, अगसिया, उषा पाटिल, प्रेमिन बाई, नेहा, दिलीप, देवकरण, ईश्वरी, जागेश्वरी, केजा, निर्मला को दिया गया।

### कुंडीय महायज्ञ 21 को

**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर सेक्टर-6 भिलाई के तत्वावधान में महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष में 200 कुंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 21 जनवरी को संपन्न होगा। आर्य समाज के प्रधान अवनी भूषण पुरंग ने भिलाई दुर्ग की समस्त जनता एवं सामाजिक प्रतिनिधियों से इस बृहद विशाल और विराट ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेने का आग्रह किया है।

### खाते से 1.8 लाख रुपए पार

**भिलाई।** खाते से 45 बार ट्रांजेक्शन कर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि मकान नं 750 शास्त्री नगर केम्प 1 निवासी दविंदर सिंह के खाते से अज्ञात ने ट्रांजेक्शन कर कुल 1 लाख 8 हजार रूपया सायबर ठगी किया है। दविंदर का खाता यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भिलाई में है। जिससे 7 से 8 जनवरी के मध्य खाते से 27 बार यूपीआई ट्रांजेक्शन हुआ है। इसके अलावा खाते से 18 बार 4 हजार रूपया कुल 72 हजार रूपए और 8 जनवरी को 9 बार 4 हजार रुपए निकाला गया। जिसमें 36 हजार रूपया निकाला गया। हैदराबाद के एक्सिस बैंक के खाता आईएफसी कोर्ड यूपीआईबी से रुपए ट्रांसफर किए गए है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप



### प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने आमंत्रण पत्र वितरित

**दुर्ग।** वार्ड नंबर 23 दीपक नगर दुर्ग के राम भक्तों ने बड़े ही उत्साह से वार्ड के नागरिकों को अयोध्या राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रण पत्र व पीला चावल देकर आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर पार्षद मीना सिंह, पूर्व पार्षद विजय जलकारे सहित भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

### छग कांग्रेस प्रभारी का किया स्वागत



**दुर्ग।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट के प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन पर मुलाकात कर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में महापौर धीरज बाकलीवाल, अलताफ अहमद उपस्थित थे।

## निधन

### सुरुज बाई देशमुख



**दुर्ग ।** ग्राम चंदखुरी निवासी रमेश कुमार देशमुख की माता श्रीमती सुरुज बाई देशमुख उम्र 85 वर्ष की आज शाम 05 बजे निधन हो गया। अंतिम संस्कार 13 जनवरी को सुबह 10 बजे गाँव के मुक्ति धाम में किया जावेगा।

### घसिया राम यादव



**दुर्ग।** ग्राम डुन्डेरा निवासी65 वर्षीय घसिया राम यादव का बीती रात निधन हो गया उनका अंतिम संस्कार आज ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया वे श्रीमती लक्ष्मीन बाई यादव के पति एवं कुबेर यादव, फगनी, कल्याणी तथा सावित्री यादव के पिता थे।

### गुरू घासीदास का संदेश एकता और शांति का मूलमंत्र: मुख्यमंत्री

# सीएम ने की आडिटोरियम के लिए 50 सौंदर्यीकरण के लिए 25 लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

जिले के मिनी गिरौदपुरी धाम ग्राम गिरहोला में आयोजित संत समागम में मुख्यमंत्री ने मांग पर पचास लाख रूपए आडिटोरियम निर्माण और पच्चीस लाख रूपए तालाब सौन्दर्यीकरण की सौगात दी है।

कार्यक्रम में विष्णु देव साय बतौर मुख्य अतिथि सम्मलित हुए। कार्यक्रम में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, कृषि मंत्री राम विचार नेताम भी साथ मौजूद थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि, मिनी गिरौदपुरी आसेथा के इस केंद्र पर आयोजित संत समागम में सम्मिलित होने का सुअवसर मिला। बाबा गुरु घासी दास जी एक महान संत थे। जिन्होंने मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, संत बाबा गुरू घासीदास जी ने तप किया और सिद्धि प्राप्त की और फिर वे समाज का उद्धार के लिए निकल पड़े। उन्होंने ज्ञान अर्जित कर जनता के कष्टों का निवारण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मोदी जी की गारंटियों को हम क्रमशः पूरा कर रहे हैं। गारंटी के अनुरूप हमने 18 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत घर बनाने के लिए राशि की स्वीकृति दे दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा गांवों और शहरों में पहुंच रही है। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने अपने संछिप्त उद्बोधन में समाज के लोगो को गुरु घासीदास बाबा जी के बताए मार्ग का अनुकरण कर समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का आह्वान किया। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने समाज के लोगो को सतनाम के रास्ते पर चल कर प्रदेश और देश को विकास की ऊंचाइयों तक ले जाने सभी से सहयोग का आह्वान किया। पूर्व विधायक श्री सांवला राम डहरे ने स्वागत उद्बोधन में गांव को मिनी गिरौदपुरी स्वरूप पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समाज के अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।





# संकल्प के साथ पीएम विश्वकर्मा के लिए शहर में लगेगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ ही अब शहर के वार्डो में पीएम द्वारा लांच किए गए विश्कर्मा योजना के लिए वार्डो शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान आधार अपडेशन एवं आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु लगभग 1 माह तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

नगर निगम क्षेत्र सीमा अंतर्गत चिन्हांकित स्थानों पर 15 जनवरी से लेकर 6 फरवरी तक शिविर जोन 1,2,3 व 4 जोन के वार्डो में एक से दो स्थान में तारीखवार शिविर लगाया जाएगा। जो सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। शिविर में आम नागरिकों को उनके वार्ड अथवा मोहल्ले में ही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का आनलाइन पंजीयन, आधार कार्ड अपडेशन एवं आयुष्मान कार्ड बनाने व सुधार की सुविधा उपलब्ध रहेगी। योजना में कारीगरों की क्षमता, योग्यता और आय बढ़ाने के लिए कौशल उन्नयन हेतु प्रशिक्षण प्रदान कर टूलकिट हेतु 15 हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान किया जाना है। पंजीकृत हितग्राही जो प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे उन्हें प्रतिदिन 500 रूपए प्रोत्साहन राशि भी दिया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत बढ़ई, नाई, दर्जी, चर्मकार, खिलौना बनाने वाले, झाडू, टूकनी बनाने वाले, नाव बनाने, मछली का जाली बूनने वाले, धोबी, मूर्तिकार, लोहार सहित 18 प्रकार के पारंपरिक कारीगरो और शिल्पकारों के रूप में पंजीकृत हितग्राहियों का स्थल अवलोकन कर उनका सत्यापन किया जाना है।

### इन स्थानों पर लगेगा शिविर

15 जनवरी को वार्ड 01 चंद्रशेखर स्कूल पंचशील नगर स्कूल, वार्ड 02 भंगड देव मंदिर,वार्ड 03 ग्याबाई प्राथमिक शाला स्कूल, वार्ड 04 ग्याबाई प्राथमिक शाला स्कूल में और 16 जनवरी को वार्ड 05 स्वामी विवेकानंद प्राथमिक शाला में वार्ड 06 शीतला मंदिर प्रांगण,वार्ड 07 शासकीय कन्या प्राथमिक शाला वि.शिक्षक नगर में,वार्ड 08 नेहरू प्राथमिक शाला तकिया पारा में शिविर का आयोजन किया जाएगा।17 जनवरी को वार्ड 09 शासकीय तिलक स्कूल में,वार्ड 10 पंडित मोतीलाल नेहरू प्राथमिक शाला शीतला मंदिर के पास,वार्ड 11 में बुद्ध कुटीर शंकर नगर के पास,वार्ड 12 विश्वकर्मा मंदिर के निकट सामुदायिक भवन में,18 जनवरी को वार्ड 13 तूलाराम आर्य कन्या उ.मा.शाला में शिविर लगाया जाएगा। वार्ड 14 में शासकीय प्राथमिक शाला सिकोला भाठा,वार्ड 15 व वार्ड 16 शासकीय प्राथमिक शाला तितुरडीह, प्राथमिक शाला बरगद पेड़ के पास शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# पेड़ों की कटाई के विरोध में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग



- पौधा भेंटकर आवाज पीएम व सीएम तक पहुंचाने मांग

हिंदी भवन के सामने गांधी प्रतिमा के पास से पटेल चौक तक मानव श्रृंखला बनाकर हसदेव जंगल में पेड़ों की कटाई के विरोध में आज विशाल प्रदर्शन किया गया। इसमें दुर्ग जिले के पर्यावरण प्रेमियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों व आम जनता ने स्व स्फूर्त बढ़ चढ़ कर भागीदारी दी। अंत में जिला प्रशासन को पौधा भेंटकर हसदेव को जंगल बचाने जनता की आवाज प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री तक पहुंचाने मांग की गई। इस मानव श्रृंखला में शामिल हितवा संगवारी, जन उत्थान सहयोग संस्थान, शांतिवन प्रखर वेलफेयर फउन्डेशन, विचार क्रांति अभियान, आदर्श नवयुवक मंडल, हरित क्रांति संगठन कोड़िया, पीपुल्स फार एनिमल, पर्यावरण मित्र मंडल जागरूक जन छत्तीसगढ़, आदिवासी मातृसंगठन, छग बचाओ आंदेलन, पालीवाल युवा ब्राम्हण समाज, हल्बा महिला प्रभाग आदि संगठनों के कार्यकर्ता, साहित्यकार, जनप्रतिनिधि शामिल हुए। आम जनता ने कहा कि हसदेव जंगल में पेड़ों की कटाई पर तत्काल रोक लगाने एवं इसके लिए जारी वन स्वीकृति रद्द की जाए। इस मानव श्रृंखला में संदीप पटेल, जितेन्द्र देशमुख, रोमशंकर यादव, देवप्रकाश मढ़रिया, कलादास डहरिया, प्रेमनारायण त्रिपाठी, प्रेम वर्मा, प्रफुल्ल पटेल, रमाकांत देशमुख, बालूराम वर्मा, जयंत देशमुख, धनंजय प्रसाद, लोकेश्वरी ध्रुव, दीना देशमुख, शालिनी, उमा सिंह, चंद्रकला तारम, रिवेन्द्र यादव, भरत निषाद, शिशिर कांत कसार, प्रेमलाल देशमुख, चंद्रिका रावत, ओम प्रकाश यादव, अनिल देशमुख, प्रशांत पालीवाल, रमाकांत बंजारे, लक्ष्मी नारायण कुंभकार, राजेन्द्र परगनिहा, दीप सारस्वत, प्रदीप सिन्हा, किशोर देशमुख, गुलशन दिल्लीवार, लोकेश कुमार, कमलेश देशमुख, रितिक सिन्हा, निखिल एम जार्ज, दिनेश्वरी भुआर्य, अंकित खोब्रागढ़े आदि उपस्थित थे।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर निकाली रैली



**दुर्ग।** साइंस कॉलेज दुर्ग में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ एम ए सिद्दीकी की अध्यक्षता एवं विधायक प्रतिनिधि शिवेन्द्र प्रसाद परिहार, पार्षद कातुलबोर्ड के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में शिवेन्द्र प्रसाद परिहार ने अपने उद्बोधन से विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. एमए सिद्दीकी ने कहा कि युवाओं से ही राष्ट्र का निर्माण होता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ ज्योति धारकर ने किया तथा कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. के पद्मावती के द्वारा प्रस्तुत किया गया। मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एके खान, डॉ. अनुपमा अस्थाना, डॉ. जगजीत सलूजा, डॉ. एचपी सिंह सलूजा, डॉ. अश्विनी महाजन, डॉ. अनिल कश्यप, डॉ. शकील हुसैन, डॉ. नीरू अग्रवाल, डॉ. कल्पना अग्रवाल, डॉ. दिव्या मिंज, डॉ. सतीष सेन, डॉ. प्रदीप जांगड़े, डॉ. सनत साहू, डॉ. दिलीप कुमार साहू, क्रीडा अधिकारी लक्ष्मेन्द्र कुलदीप, श्री निखिल कुमार सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

### शास्त्री की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**दुर्ग।** दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अजय मिश्रा के नेतृत्व में देश के पूर्व प्रधानमंत्री किसानों को जय जवान जय किसान का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में अजय मिश्रा राजकुमार पाली, संदीप वोरा, सुशील भारद्वाज, रत्ना नारमदेव, परमजीत सिंह भुई, हेमा साहू, पप्पू श्रीवास्तव, त्रिशरण डोंगरे, विकास यादव, केडी देवांगन, भूपेंद्र वर्मा, सतीश पांडे, पृथ्वी चंद्राकर, सैयद आरिफ, मोहित वालदे उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### तकनीकों से न्यूनतम हो सकता है प्रदूषण

**भिलाई।** भारतीय खान ब्यूरो, रायपुर क्षेत्र के तत्वावधान में खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि गोदावरी पावर एवं इस्पात के सहायक महाप्रबंधक हेमंत उपाटे थे। सारदा एनर्जी एंड मिनरल लिमिटेड के सहायक प्रबंधक सुभाष कुजूर तथा सहायक प्रबंधक सचिन पाल भी उपस्थि थे। श्री उपाटे ने कहा, कि माइंस क्षेत्रों में ऐसी धारणा होती है कि माइनिंग, ब्लास्टिंग, डंपिंग आदि में पर्यावरण प्रदूषण अधिक होता है। किंतु हमारे पास बहुत सी ऐसी तकनीकें हैं, जिससे इन कार्यों के दौरान होने वाले प्रदूषण को हम न्यूनतम स्तर तक लेकर जा सकते हैं। महाप्रबंधक पी एक्का ने भी संबोधित किया। अतिथियों नवृक्षारोपण, पर्यावरण–ध्वज वंदन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ के साथ की गई। स्वागत भाषण डीजीएम विरेन्द्र कुमार ने दिया। प्रदूषण नियंत्रण पर रंगोली, भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में, महाप्रबंधक सुधाकर जामुलकर ने धन्यवाद ज्ञापन दिया तथा सहायक प्रबंधक टी आर साहू द्वारा संचालन किया गया। पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में एसबी प्रसाद, एएस खान, एसएन शुक्ला,पी बाबू, बी महेश कुमार,बीआर सोनी,एम साहा, अशोक दास और आनंद कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### अभा यदुवंशम महा. के प्रदेशाध्यक्ष बने जयप्रकाश

**भिलाई।** राष्ट्रीय युवा दिवस के दिन अहम निर्णय लेते हुए अखिल भारतीय यदुवंशम महासभा ने जय प्रकाश यादव को महती ज़िम्मेदारी देते हुए छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मनोनित किया। अखिल भारतीय यदुवंशम महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार यादव के अनुमति एवं राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव सुनील यादव के संस्तुति से युवा दिवस के अवसर पर जयप्रकाश यादव को छत्तीसगढ़ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया।

# शिविर में सम्यक आहार, व्यायाम व ध्यान का कराया प्रशिक्षण

## साईं झूलेलाल धाम 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सांई झूलेलाल धाम 32 एकड़ हाऊसिंग बोर्ड भिलाई में एक अनोखे एक दिवसीय शिविर का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस शिविर का लाभ लगभग 50 लोगों ने उठाया। आधुनिकता की दौड़ में आत्म अनुभूति से दूर रहे मानव समाज के सुधार की दिशा में पहल करते हुए समाज के सदस्यों को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ जीवन जीने की राह के प्रशिक्षक रोहित अरिजा एवं दुर्ग सिंधी समाज के भूतपूर्व अध्यक्ष राम खत्री द्वारा बताई गई। जिससे कि शरीर को स्वस्थ रखकर आध्यात्मिक जगत से जुड़ाव कैसे पैदा किया जाए। इसके अलावा इस नये दृष्टिकोण वाले शिविर में सम्यक आहार,सम्यक व्यायाम,सम्यक ध्यान का प्रशिक्षण भी दिया गया। उपस्थितजनों को आत्म अनुभूति के साक्षात्कार के लिए मार्गदर्शन दिया गया। इसके साथ ही निरोग व नशामुक्त रहने के लिए विशेष व्यायाम करवाये गये। शिविर में सम्यक आहार में एक पेटी अनार और 1 पेटी संतरे की सेवा समाज के सदस्य मनोज माखीजा की ओर से की गई थी।

### दुर्ग के मिनी स्टेडियम में होगा निःशुल्क शिविर का आयोजन

अपनी कड़ी मेहनत से इस आयोजन के सूत्रधार आदर्श सिंध ब्रादर मंडल के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी ने बताया कि सन टू ह्यूमन फाउंडेशन के परमालय संस्थान द्वारा यह निःशुल्क शिविर आयोजित था। व्यापक रूप से मिनी स्टेडियम पद्मनाभपुर में 18 से 23 जनवरी तक सुबह 6:30 से 8:30 तक भी आयोजित है। 6 दिवसीय शिविर में उपस्थित सदस्यों को संस्था की ओर से निशुल्क पौष्टिक सम्यक नास्ता भी दिया जाएगा। इस शिविर में स्वास्थ्यवर्धक एवं भीतर की अदृश्य शक्तियों को जागृत करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। लोगों को अपनी गंभीर शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों जैसे डायबिटीज, थायराइड,हाई ब्लडप्रेशर, माइग्रेन, अस्थमा, आर्थराइटिस, तनाव,डिप्रेशन,बैचेनी इत्यादि को ठीक किया जाता है।और अपने जीवन में प्रेम और आनंद को विकसित करने के तरीके भी बताए गए। आयोजन में आदर्श सिंध ब्रादर मंडल के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी,नरेश नागदेव,अनिल थारवानी,अशोक थारवानी, मुकेश ख़ूबवानी,नीलेश धनवानी,हरीश साधवानी,अमृत कृष्णानी, लक्ष्य थारवानी साईं झूलेलाल धाम महिला मंडली की ओर से अध्यक्ष लक्ष्मी नागदेव,लता मेहरचन्दानी,अंजली कृष्णानी,माया थारानी,मोहिनी थारवानी,मीरा जीवनानी, सुमन थारवानी,अलका थारवानी,पिंकी थारानी, व स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।



## लंबित मांगों को लेकर 29 व 30 जनवरी बीएसपी में होगी हड़ताल

# दो दिनी हड़ताल को लेकर मुर्गा चौक में किया प्रदर्शन

### संयुक्त यूनियन कर्मियों को कर रहा एकजुट, आईआर जीएम को सौंपा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा आखिरकार दो दिनी हड़ताल को लेकर शुक्रवार को भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन को नोटिस सौंप दिया गया। सुबह मुर्गा चौक पर सेल प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन करने के बाद यूनियन नेता आईआर विभाग पहुंचे औरमहाप्रबंधक के माध्यम से बीएसपी प्रबंधन सौंपा। नोटिस में लंबित मांगों के मामले में सेल प्रबंधन की हठधर्मिता के खिलाफ 29 और 30 जनवरी को पूरे सेल के साथ बीएसपी में हड़ताल किए जाने की सूचना दी गई है।

84 महीना बीत जाने के बाद भी प्रबंधन द्वारा वेतन समझौता को पूर्ण न करने के विरोध में संयुक्त यूनियन के बैनर तले सुबह 8 से 9 बजे तक प्रदर्शन किया किया गया। अधूरे पे रिवीजन सहित 39 माह का एरियर, नाइट शिफ्ट एलाउंस, हाउस रेंट अलाउंस, एक अतिरिक्त इंक्रीमेंट, पिछले साल से ज्यादा बोनस, ग्रेच्युटी सीलिंग हटाने, ठेका कर्मियों का वेतन का वेतन समझौता पूर्ण किए जाने की मांग की गई है। नोटिस देने वाले यूनियन में इंटक, एटक, एचएमएस, सीटू, एक्टू, लोईमु, इस्पात श्रमिक मंच एवं स्टील वर्कर्स यूनियन शामिल हैं। यूनियन नेताओं ने कहा कि यूनियनों द्वारा बार-बार एनजेसीएस की बैठक बुलाने की मांग के बाद भी प्रबंधन बैठक नहीं बुला रहा था। अब हड़ताल की घोषणा के बाद प्रबंधन द्वारा 20 जनवरी को एनजेसीएस की बैठक बुलाई गई है। सकारात्मक नतीजा नहीं निकलता है तो कर्मी 29 एवं 30 जनवरी के हड़ताल में स्वेच्छा से शामिल हो जाएंगे और 29 -30 जनवरी की हड़ताल ऐतिहासिक होगी।



### नहीं दे रहे हक का पैसा

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए संयुक्त यूनियन के नेताओं ने कहा कि प्रबंधन कर्मियों के हक का पैसा देने के लिए आनाकानी कर रही है। जबकि मेहनत से कर्मी संयंत्र के सेल के लिए ऐतिहासिक लाभ अर्जित कर रहे हैं। इसके बावजूद प्रबंधन की आनाकानी जारी है।इसके खिलाफ संयंत्र के नियमित कर्मी एवं 1 जनवरी 2017 से 31 मार्च 2020 के दौरान सेवानिवृत हो चुके कर्मियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है जो प्रबंधन के सामने हड़ताल के रूप में फूटेगा।

### ठेका मजदूर भी करेंगे हड़ताल



**भिलाई।** स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने भी भिलाई इस्पात संयंत्र के आईआर विभाग के महाप्रबंध जेएन ठाकुर को श्रमिकों के लंबित मांगों को लेकर 29 एवं 30 जनवरी को हड़ताल करने की सूचना का पत्र सौपा। यूनियन अध्यक्ष संजय साहू के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने पत्र में मांग की कि श्रमिकों के लंबित मांग 84 महीने से लंबित वेतन समझौता जल्द करने एवं ठेका श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में ए डब्ल्यू ए समाहित कर न्यूनतम वेतन बनाया जाए।बीएसपी के एचएसएलटी ठेका श्रमिकों को एस-1 ग्रेड में नियमित किया जाए एवं उनका केवाईसी जल्द किया जाए जिससे कि उनको पेंशन चालू हो सके। ठेका श्रमिकों को 21000 रुपए मूल वेतन निर्धारण किया जाए। ठेका श्रमिकों को रात्रि भत्ता, कैंटीन भत्ता, आवास सुविधा, एवं साइकिल भत्ता दिया जाए। भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत सभी ठेका श्रमिकों का 15 लाख का सामूहिक दुर्घटना बीमा किया जाए। ठेका श्रमिकों को संयंत्र के सभी गेटों से आने जाने की सुविधा प्रदान की जाए। महाप्रबंधक द्वारा बताया गया की दुर्घटना बीमा एवं स्थानीय मांगों पर कार्य किया जा रहा है जिसके जल्द परिणाम आएंगे।

## आचार्य संजय को अयोध्या आने का मिला आमंत्रण

# संपूर्ण भारत में होगा दीपावली का अहसासः आचार्य संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

क्रांतिकारी राष्ट्र संत संजय मुनि को अयोध्या पधारने का आमंत्रण मिला। इस अवसर आचार्य संजय मुनि महाराज ने कहा कि प्रभु श्रीराम का 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मन्दिर देगा राम राज्य का अनुभव संपूर्ण भारत में होगा दीपावली का अहसास। राष्ट्र संत आचार्य संजय मुनि की और से सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी। अयोध्या का ऐतिहासिक रूप से बहुत महत्व है। प्रभु श्रीराम के जन्म स्थान की मान्यता के कारण अयोध्या को हिंदुओं का सबसे महत्वपूर्ण स्थल माना जाता है। प्रभु श्रीराम के जन्मस्थान पर प्रभु का एक भव्य मंदिर का पुनःनिर्माण कर देश को ऐतिहासिक सौगात देने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साथ ही उनकी पूरी टीम तथा योगी द्वारा किया गया। आचार्य संजय मुनि का 11 सदस्य पद्मावती जागृत मंडल सदस्य जिसमें उनके राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप जैन बाकलीवाल, नथमल कोठारी, प्रकाश जैन आदि प्रतिनिधि मंडल के संपूर्ण व्यवस्था सरकार के प्रमुख प्रोटोकॉल अधिकारी आलोक त्रिपाठी के देखरेख में अयोध्या जाएंगे।



### हितग्राहियों के लिए 25 जनवरी तक आयुष्मान

**भिलाई।** विकसित भारत संकल्प यात्र के तहत भारत सरकार ने सभी पात्र हितग्राहियों को 25 जनवरी तक आयुष्मान कार्ड जारी करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसके तहत भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका श्रमिक नियोजित करने वाले सभी ठेकेदारों को यह निर्देशित किया गया है कि वह अपने ठेका श्रमिकों में से पात्र हितग्राहियों की पहचान करें। जिन श्रमिकों का आयुष्मान कार्ड बन चुका है, उसकी सूचना ठेका श्रमिक प्रकोष्ठ को तत्काल दें। पहचान किये गए श्रमिकों में से जिनका आयुष्मान कार्ड अभी बनाया जाना शेष है, उनको योजना के बारे में सूचित कर आयुष्मान कार्ड बनाने में समुचित सहायता प्रदान करें।

## 21 दीप भगवान राम के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हर व्यापारी रघुनंदन, हर दुकान दीप वंदन भिलाई चेम्बर का यह अभियान धीरे-धीरे गति पकड़ता जा रहा है। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा 22 जनवरी को हर व्यापारी रघुनंदन-हर दुकान दीप वंदन का अभियान शुक्रवार को जवाहर मार्केट भिलाई में दुकान जाकर व्यापारियों से मिला व रामलला आगमन दीप पर्व का निमंत्रण दिया। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन व भिलाई चेम्बर अध्यक्ष श्रीगारगी शंकर मिश्रा के नेतृत्व में इस अभियान के तहत जवाहर मार्केट में सभी दुकानों में जाकर 21 दीप राम के नाम जलाने का आग्रह किया गया। अजय भसीन ने बताया कि उत्साह के साथ दीपावली जैसा उत्साह मनाया जाएगा। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्र ने बताया कि व्यापारियों में 22 जनवरी को लेकर बेहद उत्साह व उमंग है। अखराज ओस्तवाल,शिवराज शर्मा,भूषण अदलखा,नरेश छाबड़ा, हरीश सेन, कमलेश सिंह, विमल शर्मा, जितेंद्र अग्रवाल, शंकर सचदेव उपस्थित थे।



■ चेंबर ने हर व्यापारी रघुनंदन-हर दुकान, दीप वंदन का अभियान

# लाइजन आफिसर के साथ बीएसपी एससीएसटी एसोसिएशन की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र एससीएसटी एम्पलाइज के साथ लाइजन ऑफिसर, रोहित हरित वरिष्ठ प्रबंधक आईआर एवं सी एल सी के बीच बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने भी उपस्थि थे। बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कर्मचारी एवं अधिकारियों की समस्याओं पर चर्चा हुई। संगठन अध्यक्ष ने कहा कि हम उत्पादन के हर लक्ष्य को पूरा करते हैं लेकिनपदोन्नति में पीछे रखा जाता है। तो उन्हें पीछे रखा जाता है। अनुसूचित जाति जनजाति के अधिकारी कर्मचारियों की सुविधाओं नहीं के बराबर है। अस्पताल में चिकित्सक एवं दवाई की समस्या, बेहतर क्वार्टर की समस्या, कार्यस्थलों की समस्या से अवगत कराया। महासचिव विजय कुमार ने डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती की तैयारी पर जानकारी दी। बैठक में उपाध्यक्ष कुमार भारद्वाज, वेद प्रकाश सूर्यवंशी, शशांक प्रसाद संगठन सचिव परमेश्वर लाल जोनल सचिव संत ज्ञानेश्वर आदि उपस्थित थे।

■ समस्याओं से अवगत कराया



**आज से दो दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय देवी जसगीत झांकी महोत्सवः कुम्हारी।** 13 व 14 जनवरी दिन शनिवार व रविवार को मां महामाया सेवा समिति की ओर से दो दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय देवी जस झाँकी महोत्सव का आयोजन बाजार चौक स्थित शासकीय कन्या शाला में रखा गया है। समिति के अध्यक्ष नेतराम यादव ने बताया कि देवी जस झाँकी महोत्सव स्पर्धा पिछले 22 वर्षों से समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है। 13 जनवरी से सुबह 7 बजे शुरू होगी। जिसमें सर्वप्रथम दीपप्रज्वलित कर मां महामाया देवी की पूजा-अर्चना कर स्पर्धा का प्रारंभ किया जाएगा। जो 14 जनवरी तक अनेक मंडलियों द्वारा मंचस्थ होगा। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व नपा अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर होंगे।

# श्री जगन्नाथ समिति सेक्टर-4 ने विधायक पुरंदर का किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा सेक्टर-4 स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर पहुंचे।

विधायक मिश्रा ने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना और छत्तीसगढ़ प्रदेश की सुख-समृद्धि का मांगा आशीर्वाद। इस अवसर पर जगन्नाथ समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र सतपथी व महासचिव सत्यवान नायक सहित समिति के पदाधिकारी वृंदावन स्वांई, बीसी बिस्वाल, भीम स्वांई, बसंत प्रधान, अनाम नाहक, त्रिनाथ साहू, डी त्रिनाथ व मंदिर के पुरोहित पितबास पाढ़ी ने विधायक मिश्रा का शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदानकर अभिनंदन किया। उन्होंने ने कहा कि सामाजिक एकता ही विकास को गति देगी।

जब आप एकजुट होकर एक स्वर में कोई मांग रखेंगे तो उस मांग की पूरी होने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने का आवाह्न किया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव सत्यवान नायक एवं आभार प्रदर्शन समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र सतपथी ने किया।

■ भगवान श्रीजगन्नाथ की पूजा अर्चना मांगा आशीर्वाद

# विश्वकर्मा योजना के लिए सहसंयोजकों की हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों तक पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त प्रदेश के संयोजक वी विश्वनाथन आचारी एवं संगठन ने राज्य स्तर पर सह संयोजकों की नियुक्ति की है। इसी तारतम्य में नीलम चन्नाकेशवलु को दुर्ग संभाग, कृष्णा प्रजापति को सरगुजा संभाग, पुरुषोत्तम देवांगन को बिलासपुर संभाग, प्रदीप सिंह को रायपुर संभाग एवं प्रदीप सागर को बस्तर संभाग का सह संयोजक बनाया गया है। इनके अलावा दुर्ग जिला तथा विधानसभा स्तर पर समन्वयकों तथा संयोजकों की नियुक्ति भी की गई है। वी विश्वनाथन आचारी तथा नीलम चन्नाकेशवलु का मानना है कि संगठन स्तर पर जिम्मेदारियां तय होने से यह योजना अब रफ्तार पकड़ेगी, जिससे पुश्तैनी पेशे से जुड़े लोगों की माली हालत बेहतर होगी। उल्लेखनीय है कि राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय इस महत्वाकांक्षी योजना की प्रवासी लीडर हैं।



### कारीगरों तथा शिल्पकारों को मिलेगा फायदा

गत वर्ष 17 सितंबर से शुरू इस योजना के अंतर्गत 18 क्षेत्रों में काम करने वाले पैतृक व्यवसाय से जुड़े कारीगर और शिल्पकार इसका लाभ उठा सकते हैं। इस योजना के तहत केंद्र सरकार 5 फीसदी रियायती दर पर 3 लाख रुपए की राशि दो चरणों में उपलब्ध कराएगी। पहले चरण में पात्र व्यक्तियों को एक लाख रुपए का ऋण दिया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में दो लाख रुपए का ऋण देने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा हुनर में निखार लाने इन्हें निःशुल्क प्रशिक्षण देने के साथ-साथ टूल किट खरीदने के लिए प्रोत्साहन के रूप में 15000 रुपए का अनुदान भी दिया जाएगा।

### योजना को लागू करने इन नामों पर लगी मुहर

इसी हफ्ते जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल एवं जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा की सहमति से एक समन्वयक, दो सह समन्वयक, चार संयोजक तथा इतने ही सह संयोजक भी बनाए गए हैं। नियुक्ति की इस कड़ी में साजन जोसेफ, जिला समन्वयक, योगेश निक्की भाले तथा दिलीप गुप्ता सह समन्वयक, दुर्ग शहर विधानसभा के लिए राजेश वर्मा संयोजक, गोविंद देवांगन सह संयोजक, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के लिए नरेंद्र निषाद संयोजक, हरीश यादव सह संयोजक, पाटन विधानसभा के लिए हर प्रसाद आडिलकर संयोजक, केवल देवांगन सह संयोजक जबकि अहिवारा विधानसभा के लिए समारु पटेल संयोजक एवं विदेशी साहू सह संयोजक बनाए गए हैं।










